## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, चित्तौड़गढ़

**पीठासीन अधिकारी– रतन कुमार** (आर.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|
| **044/2021** (GCMS 2021/44) | **12.04.2021** | **08.09.2021** |

**अनवान**

सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिकारी, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. भंवरलाल गुर्जर पुत्र कान्हा गुर्जर खाद्य कारोबारकर्त्ता एवं मालिक
मैसर्स मंगलम स्वीट्स, दुकान नं. 9 रामकुई के पास, गांधीनगर, चित्तौड़गढ़ 312901
निवासी 190 सी सेक्टर नं. 5, गांधीनगर, चित्तौड़गढ़

**अप्रार्थी**

**–:: जुर्म अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) एफएसएस एक्ट 2006 नियम 2011 ::–**

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल मित्तल ने परिवाद अन्तर्गत धारा 26 की उप धारा 2(ii) के तहत विरूद्ध अप्रार्थीगण के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी का गजट नोटिफिकेशन दिनांक 26.07.2011 के गजट में भाग 2 (क) पर प्रकाशित हुआ है एवं निदेशालय के आदेश क्रमांक **FH/PFA/Notification/2011/475 Dated 10-08-2011** द्वारा केन्द्रीय दल, कार्यालय आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर में पदस्थापित हैं। परिवादी का स्थानीय क्षेत्र समस्त राजस्थान राज्य का है जिसका गजट नोटिफिकेशन दिनांक अप्रैल 11, 2012 के गजट में भाग 2(क) पर प्रकाशित हुआ है। अधिसूचना एवं आदेश की फोटो प्रतियाँ न्याय निर्णयन आवेदन के साथ संलग्न हैं। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 13.11.2020 को समय मध्यान्ह 12:00 पीएम पर मैसर्स मंगलम स्वीट्स, दुकान नं0 9, राम कुई के पास, गांधी नगर, चित्तौड़गढ़ पर पहुंचे। वहां पर भंवर लाल गुर्जर पुत्र कान्हा गुर्जर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

